CBSE Sample Question Paper for AISSE-2022

Class- X   Term-II

Subject- Hindi Course 'B'

Time- 2 hrs.   Max Marks - 40

सामान्य निर्देश : निम्न लिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।

- इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं – खण्ड 'क' और 'ख'।
- खण्ड 'क' में कुल 3 प्रश्न हैं। दिए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए।
- खण्ड 'ख' में कुल 5 प्रश्न हैं। दिए निर्देशों के अनुसार उनके उत्तर दीजिए।
- कुल प्रश्नों की संख्या 8 हैं।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यान पूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर दीजिए।

खण्ड-'क'

14 Marks

प्रश्न 1:- निम्न लिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए। (2×2=4) Marks

(क) 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

(ख) देश वासियों को सुरक्षित रखने के लिए सैनिक तत्पर रहते हैं। देश की रक्षा के लिए कष्ट सहते हैं? उनकी परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

(ग) देश को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाने के लिए भारतीय क्रान्तिकारियों का बलिदान व प्रयास सदैव अमर रहेगा। 'वजीर अली एक जाँबाज सिपाही था' कैसे? स्पष्ट कीजिए।

प्र०-२- निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए। (4×1=4) Marks

(क) परिवर्तन प्रकृति का नियम है। पर्वतीय प्रदेश में प्राकृतिक परिवर्तन होते ही रहते हैं। पावस ऋतु में प्रकृति में होने वाले परिवर्तन अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) पाठ के आधार पर बताइए कि जापानी मनोरोगी क्यों हैं? इसे दूर करने के लिए पारंपरिक चाय पीने की विधि अपनाकर क्या संदेश दिया है?

प्र० 3 — निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए। (3×2=6) Marks

(क) ठाकुरबाड़ी के प्रति गाँव वालों के मन में अपार श्रद्धा के जो भाव हैं, इससे उनकी किस मनोवृत्ति का पता चलता है?

(ख) लेखक के अनुसार खुशी से भागे जाने की जगह न लगने पर भी कब और क्यों उन्हें स्कूल जाना अच्छा लगने लगा?

(ग) टोपी और इफ्फन की दादी अलग-अलग मजहब और जाति के थे, पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे। इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए।

खण्ड 'ख' (लेखन)

26 Marks

प्र०-4- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गये संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए — (6×1=6)

(क) महामारी के दौर में स्वच्छता का महत्व
[संकेत बिंदु:— • घर एवं परिवेश की स्वच्छता • विभिन्न प्रकार की बिमारियों से प्रतिरक्षा • सभी प्रकार की स्वच्छता का पालन]

(ख) विज्ञान के आधुनिक चमत्कार
[संकेत बिंदु:- • मानव जीवन और विज्ञान • आधुनिक आविष्कार • लाभ-हानि]

(ग) जीवन में मोबाइल का महत्व
[संकेत बिंदु:- • युवाओं में बढ़ता मोबाइल चलन • लाभ • हानियाँ • सुझाव]

प्र०-5- अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखकर उनसे विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था करने का अनुरोध कीजिए। (5×1 = 5) Marks

अथवा

विद्यालय के प्रधानाचार्य को पुस्तकालय में विज्ञान संबंधी पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।

प्र०-6- (क) डॉन बास्को स्कूल, गुवाहाटी में इको क्लब के सदस्यों की सभा के आयोजन की जानकारी के लिए क्लब के अध्यक्ष की ओर से सूचना-पत्र लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए। (2.5) Marks

अथवा

प्रधानाचार्य की ओर से विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होने जा रही खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सूचना लगभग 50 शब्दों में लिखिए

(ख) आपके विद्यालय में चिकित्सा जॉंच शिविर लगाया जा रहा है। प्रधानाचार्य की ओर से छात्रों को इसकी सूचना लगभग 50 शब्दों में जारी करें। (2.5) Marks

अथवा

आपने घर बनाने के लिए जमीन खरीदा है। खाली जगह होने के कारण लोग वहाँ कूड़ा-कचरा फेंक देते हैं। लोगों को सूचित व सतर्क करने के लिए सूचना पत्र लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए, जिससे वे कूड़ा न फेंक सकें।

प्र०-7- (क) भारत सरकार द्वारा कोरोना के बचाव अभियान हेतु एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए (2.5) Marks

अथवा

हिंदी की पुस्तकों की प्रदर्शनी में आधे मूल्य पर बिक रही महत्वपूर्ण पुस्तकों को खरीदकर लाभ उठाने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्र०8— निम्न लिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए- (5×1=5) M.M.5

बुद्धिमान कपोत राज अथवा भाग्य और कर्म

—o—o

31/03/2022
(A.K. Mishra) TGT.
GHSS Ita.